किसानों तथा विनिर्माताओं को अपना उत्पादन बढ़ाने हेतु दिए जाने वाले प्रोत्साहन,जब कभी आवश्यक हो खाद्य तेलों,दालों,चीनी,कपास का आयात करना,आवनश्यक वस्तु अधिनियम,1955 तथा चोरबाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम,1980 के तहत ज़माखोरों और कालाबाजारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना,शामिल हैं । सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा संपुष्ट सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आपूर्ति करने के अतिरिक्त सहकारी भण्डारों तथा राज्य नागरिक आपूर्ति निगमों के माध्यम से भी उचित मूल्यों पर आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जा रही हैं । राज्य सरकारों से अपने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों पर कड़ी नज़र रखने का अनुरोध किया गया हैं ।

सरकारी क्षेत्र की कोयला धोवनशालाओं में क्षमता का उपयोग

835. **श्रीमती सुषमा स्वराज**:

श्री राम जेठमलानी:

क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच हैं कि क्षेत्र की कोयला धोवनशालाओं में इनकी स्थापित क्षमता के अनुसार उत्पादन नहीं किया जाता हैं;

(ख) यदि नहीं,तो 1992-93,193-94 और 1994-95 के वर्षो के दौरान इन धोवनशालाओं द्वारा उत्पादन हेतु कितने प्रतिशत उत्पादन-क्षमता का उपयोग किया गया;

(ग) क्या सरकार ने इन धोवनशालाओं द्वारा अपनी स्थापित उत्पादन-क्षमता का पूरा उपयोग न कर पाने के कारणों का पला लगा लिया हैं;और

(घ) यदि नहीं,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अर्जित कुमार पांजा): (क) और (ख) पिछले तीन वर्षो के दौरान कोल इंडिया लि.की 15 कोककर कोयला वाशरियों की औसत उपयोगिता क्षमता को नीचे दर्शाया गया हैंः-

वर्ष	संचालन क्षमता की उपयोगिता क्षमता की औसत प्रतिशतता
1992-93	67.76
1993-94	68.23
1994-95	68.20

(ग) और (घ) विद्यमान वाशरियों की क्षमता की कम उपयोगता के मुख्य कारण नीचे दिए गए हैंः-

(i) अधिकांशः वाशरियां पुरानी हैं और उन्हें बेहतर गुणवत्ता वाले कोयले का परिषकरण किए जाने के लिए विनिर्मित किया गया हैं । कई वर्षो से इन भंडारों का परिसमापन होने के कारण कच्चे कोयले के फीड में राख की मात्रा में वृद्वि हो गई हैं,जिसमें वाशरियों के कार्य निष्पादन में काफी प्रभाव पड़ा हैं ।

(ii) वाशरियों के लिए कच्चे कोयले फीड की मात्रा अपर्याप्त हैं ।

(iii) प्रयाः बिजली का खराब होगा ।

Primary Consumer Cooperative Societies

836. SHRI S. AUSTIN: Will the Minister of CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that nearly half of the Primary Consumer Cooperative Societies in the country were making profits while the rest were incurring losses;

(b) whether it is also a fact that only 25 wholesale stores in five States were making profits and rest are in losses; and